*Dainik Bhaskar/Dhanbad*

# चिरेका जीएम ने किया ध्वजारोहण



**चित्तरंजन**| 79वां स्वतंत्रता दिवस चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना परिसर में हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावनाओं के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह डॉ. बीआर अंबेडकर खेल परिसर में आयोजित हुआ, जहां महाप्रबंधक विजय कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह में चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष किरण बधान की उपस्थिति थी। इस अवसर पर प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न यूनियनों और एसोसिएशनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। ध्वजारोहण के बाद रेल सुरक्षा बल, नागरिक सुरक्षा, भारत स्काउट एंड गाइड और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के जवानों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। साथ ही विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा गीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए, जिन्हें सभी ने सराहा। समारोह का समापन वंदे मातरम के गान के साथ हुआ।

*Samagya/Kolkata*

# चिरेका में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**चित्तरंजन :** चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) में 79वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह स्थल डॉ। बी। आर। अंबेडकर खेल परिसर में चिरेका के महाप्रबंधक विजय कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह की शुरुआत चिरेका सांस्कृतिक संगठन के सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान से हुई। चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा किरण बधान की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसमें चिरेका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं एसोसिएशन व यूनियन के सदस्य, प्रेस एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। महाप्रबंधक श्री कुमार ने रेल सुरक्षा बल, नागरिक सुरक्षा, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और चिरेका भारत स्काउट एवं गाइड के स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत परेड का निरीक्षण किया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिन्हें सभी ने सराहा। अपने संबोधन में श्री कुमार ने स्वतंत्रता सेनानियों व अमर शहीदों को नमन किया और चालू वित्तीय वर्ष में चिरेका द्वारा 302 रेल इंजनों के सफल उत्पादन पर पूरी टीम को बधाई दी। समारोह का समापन वंदे मातरम के साथ हुआ। डानकुनी इकाई, महिला कल्याण संगठन की शिशु विहार, आशा किरण, मशाला सेंटर और चिरेका रेल सुरक्षा बल ने भी राष्ट्रीय तिरंगा फहराया।

*Jaipur Mahanagar Times /Jaipur*

# चिरेका में हर्षोल्लास से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

महानगर संवाददाता

**चित्तरंजन।** चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। विजय कुमार, महाप्रबंधक चिरेका ने मुख्य समारोह स्थल डॉ. बी.आर. अंबेडकर खेल परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह का प्रारम्भ चिरेका सांस्कृतिक संगठन के सदस्यों द्वारा राष्ट्र गान से हुआ।

किरण बधान, अध्यक्ष, चिरेका महिला कल्याण संगठन की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह में चिरेका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, चिरेका के प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरीय अधिकारीगण, अधिकारीगण, कर्मचारी एवं एसोसिएशन व यूनियन के सदस्यों, प्रेस एवं मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। महाप्रबंधक ने रेल सुरक्षा बल, नागरिक सुरक्षा, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और चिरेका भारत स्काउट एवं गाइड के स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कुमार ने भारत के स्वन्त्रता सेनानियों व अमर शहीदों की महत्वपूर्ण भूमिका को याद करते हुए उन्हें नमन किया। वहीं रेलइंजन उत्पादन क्षेत्र में चिरेका की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की चर्चा की। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक रिकॉर्ड 302 (चिरेका चित्तरंजन से 228 और सहायक इकाई डानकुनी से 74) रेल इंजनों के सफलता पूर्वक उत्पादन पर सम्पूर्ण चिरेका परिवार को बधाई दी।



चिरेका के डानकुनी इकाई, चिरेका महिला कल्याण संगठन की शिशु विहार, आशा किरण, मशाला सेंटर, चिरेका रेल सुरक्षा बल द्वारा भी राष्ट्रीय तिरंगा फहराया गया।



*Indian Punch/Deoghar*

# चिरेका में हर्ष और उल्लास से मना 79वां स्वतंत्रता दिवस

**चित्तरंजन/संवाददाता**




चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। चिरेका महाप्रबंधक विजय कुमार ने मुख्य समारोह स्थल डॉ. बीआर अंबेडकर खेल परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह का प्रारंभ चिरेका सांस्कृतिक संगठन के सदस्यों के गाये राष्ट्र गान से हुआ। चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष किरण बधान भी उपस्थित थी। महाप्रबंधक ने रेल सुरक्षा बल, नागरिक सुरक्षा, सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और चिरेका भारत स्काउट एवं गाइड के स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परेड का निरीक्षण किया। मौके पर स्कूलों के बच्चों ने आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया। महाप्रबंधक कुमार ने भारत के स्वंत्रता सेनानियों व अमर शहीदों को नमन किया। साथ ही रेलइंजन उत्पादन क्षेत्र में चिरेका की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की चर्चा की। चिरेका डानकुनी इकाई, चिरेका महिला कल्याण संगठन की शिशु विहार, आशा किरण, मसाला सेंटर, चिरेका रेल सुरक्षा बल में भी राष्ट्रीय तिरंगा फहराया गया।

*Bharat Mitra/Kolkata*



...वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्ष ... उल्लास के साथ 15 अगस्त 2025 को मनाया गया । श्री विजय कुमार, महाप्रबंधक/ चिरेका ने मुख्य समारोह स्थल डॉ. बी. आर. अंबेडकर खेल परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया । समारोह का



प्रारम्भ चिरेका सांस्कृतिक संगठन के सदस्यों द्वारा राष्ट्र गान से हुआ । श्रीमती किरण बधान, अध्यक्षा, चिरेका महिला कल्याण संगठन कि गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई । इस समारोह में चिरेका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, चिरेका के प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरीय अधिकारीगण, अधिकारीगण, कर्मचारी एवं एसोसिएशन व यूनियन के सदस्यों,प्रेस एवं मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।